**SELF ASSESSMENT MODEL PAPER-1 2026-27**

**Second Language - HINDI**

**Class : IX]** **(Max.Marks : 35)** **[Time : 1 hr. 15 min.**

**Name of the Student : ………………………………………………………. Roll No. ………………**

**खंड-कः निम्न प्रश्नों को पढ़कर सही उत्तर को चुनें।** **15x1=15M**

1. दिल में <u>सफ़ाई</u> रहती है। रेखांकित शब्द का अर्थ क्या है ? [ ]

A) गंदगी B) स्वच्छता C) स्वस्थ D) स्थिरता

2. नीचे दी गयी चित्र का सही नाम चुनिए ? [ ]



A) चिड़िया B) पिझरा C) महल D) पिंजरा

3. सही शब्द को चुनकर दिए गए वाक्य को पूरा करें। [ ]

जंगल में साधु जानवर ........खूँख्वार जानवर रहते है।

A) और B) वाह C) के नीचे D) अगर

4. सही शब्द को चुनकर दिए गए वाक्य को पूरा करें। [ ]

यह वही कक्षा है.............हम पढ़ते हैं।

A) इसमें B) उसमें C) जिसमें D) किसमें

5. रिक्त स्थान के लिए रेखांकित शब्द का विलोम चुनकर वाक्य पूरा कीजिए। [ ]

राकेश कल <u>स्वस्थ</u> था, पर अब वह ........... है।

A) स्वस्थी B) कुस्वस्थ C) तंदुरुस्त D) अस्वस्थ

6. सही कारक चिन्ह को चुनकर लिखिए। [ ]

राजा .......चिड़िया....... कभी नहीं देखा।

A) ने, से B) को, ने C) ने, में D) ने, को

7. जिस <u>देश</u> में गंगा बहती है। रेखांकित शब्द का विलोम शब्द पहचानिए। [ ]

A) स्वदेश B) विदेश C) बहुदेश D) निदेश

8. सही कारक चिन्ह को चुनकर लिखिए। [ ]

राजा सुंदर महल....... रहता था।

A) ने B) को C) में D) की

9. सही विकल्प चुनकर दिए गए प्रश्न को पूरा करें। [ ]

प्रश्नः आज.........परीक्षा है ?

उत्तरः आज हिंदी परीक्षा है।

A) कब B) कौन C) कौनसी D) क्यों

10. 'इकट्ठा' शब्द का सही प्रयोग किसने किया ? [ ]

राजुः सभी छात्र मैदन में इकट्ठा हुए।

रामुः वह रोज स्कूल में इकट्ठा जाता है।

A) राजु B) रामु C) राजु और रामु D) इनमें से कोई नहीं।

11.दिए गए चित्र के लिए उचित वाक्य चुनें। [ ]



A) लड़का पौधा लगाता है। B) लड़की पेड़ लगाता है।

C) लड़की पौधा लगाती है। D) लड़की वृक्ष लगाते हैं।

**नीचे दी गयी कहानी को पढ़कर प्रश्नों के उत्तर दीजिए।**

एक गाँव में मोहन नाम का एक गरीब लेकिन ईमानदार लड़का रहता था। एक दिन उसे रास्ते में पैसों से भरा एक बटुआ मिला। मोहन ने बटुआ अपने पास रखने के बजाय उसके मालिक को खोजने का निर्णय लिया। बटुए में एक पहचान-पत्र था, जिससे उसे मालिक का पता मिल गया। मोहन ने बटुआ उसके मालिक को लौटा दिया। बटुए के मालिक ने मोहन की ईमानदारी की बहुत प्रशंसा की। उसने मोहन को इनाम देना चाहा, लेकिन मोहन ने विनम्रता से मना कर दिया। मोहन ने कहा कि ईमानदारी ही उसके लिए सबसे बड़ा पुरस्कार है। उसकी बात सुनकर गाँव के सभी लोगों ने उसकी बहुत सराहना की। उस दिन से मोहन गाँव के बच्चों के लिए ईमानदारी का आदर्श बन गया।

12. मोहन को रास्ते में क्या मिला?

A) किताब B) बटुआ C) घड़ी D) मोबाइल

13. बटुए में क्या था?

A) चाबी B) खिलौना C) पहचान-पत्र D) पत्र

14. मोहन ने इनाम लेने से क्यों मना किया?

A) उसे डर लग रहा था।

B) वह जल्दी में था।

C) उसके लिए ईमानदारी ही सबसे बड़ा पुरस्कार थी।

D) उसे इनाम पसंद नहीं था।

15. कहानी से हमें क्या शिक्षा मिलती है?

A) धन सबसे महत्वपूर्ण है।

B) ईमानदारी सबसे बड़ा गुण है।

C) दूसरों की वस्तुएँ रख लेनी चाहिए।

D) हमेशा इनाम लेना चाहिए।

**खंड ख:- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।** **2x2=4M**

**16. नीचे दिए गए चित्र को देखकर लगभग दो वाकय् में वर्णन कीजिए।**



17. **जल** का हमारे जीवन में बड़ा महत्व है।

**'जल' शब्द के स्थान पर उसके पर्यायवाची का प्रयोग कर वाक्य पुनः लिखिए।**

**खंड ग:- नीचे दिए गए प्रश्नों के उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।** **2x4=8**

**18. निम्न मुहावरों का अर्थ बताकर वाक्य प्रयोग कीजिए।**

**क)** जान में जान आना

**ख)** मतलब की रोटी पूजना

19**. नीचे दिए गए शब्दों का उपयोग करके रिक्त स्थान की पूर्ति कीजिए।**

**(और, तुम, ओह, के पास)**

1. रवि ने मोहन से पूछा, "_______ कहाँ जा रहे हो?"
2. मोहन ने कहा, "_______ मेरे साथ चलोगे?"
3. रवि ने आश्चर्य से कहा, "_______!"
4. रवि ने कहा, "मेरे _______ भी कुछ पैसे हैं।"

**20. निम्न लिखित प्रश्नों में से किसी एक का उत्तर अपनी उत्तर पुस्तिका में लिखिए।** **1x8=8**

अ) जिस देश में गंगा बहती है। कविता में कवि ने भारतीयों के बारे में क्या कहा ?

(अथवा)

आ) गानेवाली चिड़िया कहानी का सारांश अपने शब्दों में लिखिए।